प्रसारण तिथि : 07.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदय में बढ़ोतरी समेत 22 प्रस्ताव पारित : अब शिक्षामित्रों को 18 हजार और अंशकालिक अनुदेशकों को 17 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा मानदेय।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ग्रेटर आगरा योजना में 10 टाउनशिप समेत 324 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– इस वर्ष के अंत तक पूरा किया जाएगा आगरा मेट्रो का सेकंड फेज।
3. केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूरों के लिए प्रतिदिन पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडर का आवंटन किया दोगुना। और
4. प्रदेश में यातायात को सुगम बनाने के लिए 20 जनपदों के 172 सबसे व्यस्त मार्गों पर तैनात होंगे रूट मार्शल : पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा– नई योजना से व्यस्त मार्गों पर कम होगा ट्रैवल टाइम।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी समेत 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बाद राज्य के वित्त और

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह और वन मंत्री अरुण सक्सेना ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी दी। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों के मानदेय को अब बढ़ाकर 18 हजार रुपए प्रतिमाह और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाकर अब 17 हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। बाइट.....

*कैबिनेट के सामने इस प्रस्ताव को प्रस्तुत किया गया। शिक्षा मित्रों के लिए जो उनका मानदेय दो हज़ार सत्रह में बढ़ा करके दस हज़ार किया गया था, हमारी सरकार के द्वारा ₹3500 से उसको अब दो हज़ार छब्बीस में बढ़ा करके दस हज़ार से अठारह हज़ार रुपये करने का प्रस्ताव माननीय कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कैबिनेट की अनुमति हम सब लोगों को मिली है।*

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार 25 लाख स्मार्ट टैबलेट खरीदेगी। इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है। यह टैबलेट उत्तर प्रदेश में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। बाइट.....

*इसके लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था बजट में पिछले वर्ष भी की गई थी इस वर्ष भी है। अभी तक 60 लाख स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं और यह 25 लाख और इसमें विशेष रूप से वो लोग जो फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स हैं, चाहे वो तकनीकी शिक्षा के हों, चाहे स्वास्थ्य शिक्षा के या कौशल विकास प्रशिक्षण या प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं आईटीआई तथा सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत जो कुशल युवा वर्ग तकनीकी रूप से सशक्त*

*बनाने के लिए इन लोगों को मुफ्त में टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। कैबिनेट ने आज इस पर सहमति दे दी है।*

बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के आठ प्रस्तावों और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों के विकास के द्वितीय चरण को मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति–2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति को संस्तुतियों को मंजूरी प्रदान की गई।

इसके अलावा गोरखपुर में 491 करोड़ रुपये से अधिक लागत के उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय, डा० बी०आर० आंबेडकर मूर्ति विकास योजना और ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर में भारत पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए परिवारों को भारतीय नागरिकता के लिए पात्रता के सम्बंध के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा में संत मलूकदास जी महाराज की 452वीं जयंती पर आयोजित श्री सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने सदैव जन

चेतना को जागरूक किया है, सरकार ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन कर अपनी परंपरा को संरक्षित करने का काम किया है। बाइट.....

*यहां के दिव्य तीर्थ मथुरा है, वृंदावन है, बरसाना है, गोवर्धन है, गोकुल है, नंदगांव है। ये सभी हम सबके लिए एक नई प्रेरणा है। बलदेव है और इसीलिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन करके इन सभी क्षेत्रों में अपनी विरासत का संरक्षण करते हुए, पूज्य संतों के मार्गदर्शन में उसके उन्नयन के लिए कुछ हो सके तो यह डबल इंजन की सरकार कुछ अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। विकास तभी सार्थक है जब विरासत रहेगी।*

इससे पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने संत शिरोमणि मलूकदास महाराज की समाधि पर पूजा–अर्चना भी की। सरसंघचालक ने मंच से संतों संग एकता का संदेश दिया।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा विकास प्राधिकरण की 5 हजार 142 करोड़ रुपये की ग्रेटर आगरा योजना में आधुनिक सुविधायुक्त 10 टाउनशिप और एक हजार 324 करोड़ रुपये की 324 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक आगरा मेट्रो के सेकंड फेज को पूरा किया जाएगा। साथ ही आगरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का तोहफा भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज युद्ध के दौर में दूसरे देश जहां परेशान हैं, वहीं भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी विकास की योजना को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। बाइट.....

*युद्ध में देश के अंदर किसी प्रकार के आम नागरिकों के सामने कोई परेशानी नहीं। भारत अपनी यात्रा को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहा है। एक बार फिर से भारत दुनिया के अंदर अपनी इस नई आभा के साथ नेतृत्व देता हुआ दिखाई दे रहा है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजो सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को

केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं प्रदेश में घरेलू गैस जरूरतमंदों को उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रहो है। वाराणसी के जिला पूर्ति अधिकारी के बी सिंह ने बताया कि प्रशासन के समुचित प्रबंधन से घरेलू गैस की आपूर्ति लगातार जारी है। बाइट.....

*सभी घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इनके बुकिंग के हिसाब से कंपनी द्वारा पर्याप्त मात्रा में घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को कोई क्राइसेस नहीं है और धीरे धीरे कमर्शियल कनेक्शन भी सुचारू तरीके से आवश्यक क्षेत्रों में दिया जा रहा है। मेरी आम उपभोक्ताओं से अपील है कि वह किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें।*

——————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आबकारी सिपाही के 722 पदों पर भर्ती के आवेदन की तिथियां घोषित कर दी हैं। आवेदन 4 जून से 24 जून तक भरे जा सकेंगे, जबकि एक जुलाई तक संशोधन किया जा सकेगा। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना की ओर से जारी भर्ती सूचना के मुताबिक, इस भर्ती के लिये प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी– 2025 वाले पात्र होंगे। यूपी ट्रिपल एससी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे।

——————————

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए बतौर पायलट प्रोजेक्ट 20 जनपदों के 172 सबसे व्यस्त मार्गों पर सिटी रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन स्कीम आज से लागू कर दी गई है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित मार्ग पर सुगम यातायात संचालन के लिये रूट मार्शल तैनात किए जाएंगे। इन रूट मार्शल का लक्ष्य थाना प्रभारी के साथ मिलकर अपने मार्ग पर पीक आवर्स में ट्रैवल टाइम को कम करना होगा। बाइट....

*यह स्कीम आज बीस नगरों में एक सौ सत्तर मार्ग पर लागू की जा रही है और इसमें भी अगले दो तीन महीनों में हमारे नागरिकों को सुगमता से उन सभी स्ट्रेचेस पर अपना मोवमेंट कर पाएंगे। जहां जहां पर पीक टाइम है, उसमें कमी आएगा और एक योजनाबद्ध तरीके से यह ट्रैफिक के संचालन में सुधार आएगा। इस उद्देश्य के साथ यह स्कीम आज से लागू की जा रही है।*

————————

कानपुर में गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर गर्डर बदलने के काम के चलते कल से आगरा फोर्ट—लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी ट्रेन अब लखनऊ तक नहीं आएगी। यह ट्रेन कानपुर पहुंचकर ही निरस्त कर दी जाएगी। रेलवे ने गोमतीनगर से बांद्रा जाने वाली स्पेशल ट्रेन के संचालन और मार्ग में भी बदलाव किया है।

————————

प्रदेश के कई जिलों में आज रुक रुक कर बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग की ओर से

कल पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

(समाप्त)